प्रकाशनार्थ

09 फरवरी, 2025 गोरखपुर

गुरू श्री गोरखनाथ चिकित्सालय के उच्चीकृत ब्लड बैंक द्वारा दी पंजाबी समाजए धर्मशाला बाजार के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन गोपाल मंदिर मोहद्दीपुर गोरखपुर में आयोजन किया गया।

रक्तदान शिविर के बारे में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ0 अवधेश अग्रवाल ने कहा कि वे सर्वप्रथम लोगों के प्रति खुशी व्यक्त करते हुए धन्यवाद देते हैं और उन्होनें कहा की युवाओं में रक्तदान को लेकर बहुत सारी भ्रंातिया दूर हो रही है और वह अब रक्तदान के प्रति जागरूक हो गए है स्वयं भी रक्तदान कर रहे है और लोगों को प्रेरित भी करते हैै। डॉ0 अवधेश अग्रवाल ने रक्तदाताओं को रक्तदान से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी एवं सावधानियों से अवगत कराया।

वही पंजाबी समाज के अध्यक्ष दीपक कक्कड़ जी ने कहा अब कमेटी ने तय किया है कि प्रत्येक माह मे एक बार पंजाबी समाज कमेटी अपने परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन करेगी। यह कार्य होने से एक यूनिट ब्लड से तीन जिंदगी बचाई जा सकती है उन्होनें शिविर में जागरूकता के लिए उपस्थित रक्तदाताओं से कहा कि रक्तदान करने से स्वयं का शरीर भी स्वस्थ रहता है और कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा मिलता है। ऐसे में समय.समय पर रक्तदान अवश्य ही करते रहना चाहिए दि पंजाबी समाज के सदस्य अशोक जुनेजा और कोषाध्यक्ष पवन जिन्दल जी ने भी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस रक्तदान शिविर में नवीन बल्ला, मनीष साहनी, तन्नु साहनी, श्वेता साहनी, विवके त्रिपाठी, पारूल, प्रमोद कुमार सिंह, विष्णु प्रकाश, उत्कर्ष के साथ लगभग 25 लोगों ने रक्तदान किया।

इस रक्तदान को सफल बनानें में ब्लड बैंक अधिकारी टेक्निशियन एवं कर्मचारीयों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।